# पर्यटन अध्ययन

## बीटीएस
## द्वितीय वर्ष

## सत्रीय कार्य पुस्तिका
## (2022)

## टीएस–4 और टीएस–5

पर्यटन एवं आतिथ्य सेवा प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110 068

# बीटीएस सत्रीय कार्य

**पर्यटन अध्ययन सत्रीय कार्य**

प्रिय विद्यार्थी,

आपको पर्यटन अध्ययन के प्रत्येक पाठ्यक्रम में एक अध्यापक जांच सत्रीय कार्य (टी.एम.ए.) करना है।

सत्रीय कार्य को करने से पहले कृपया पर्यटन अध्ययन की कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें। हम आपको टीएस–4 और टीएस–5 के सत्रीय कार्य भेज रहे हैं।

नोटः **सभी सत्रीय कार्यों को समय पर अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक को भेजें। अपने सत्रीय कार्य के मुख पृष्ठ पर अपनी नामांकन सं., नाम, पता, सत्रीय कार्य कोड एवं अध्ययन केंद्र कोड लिखें।**

**जमा कराए गए सत्रीय कार्य के बदले में अपने अध्ययन केंद्र से उसकी रसीद प्राप्त कर लें। यदि संभव हो तो सत्रीय कार्य की एक प्रति अपने पास रखें।**

मूल्यांकन के बाद, अध्ययन केंद्र द्वारा आपको सत्रीय कार्य वापस भेजा जाना अपेक्षित है। कृपया इसके लिए अनुरोध करें और रिकॉर्ड के रूप में इसे अपने पास रखें। अध्ययन केंद्र सत्रीय कार्यों के अंकों को विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग, इग्नू, नई दिल्ली को भेजता है।

## सत्रीय कार्य करने के लिए निर्देश

हम आपसे प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 600 शब्दों के बीच देने अथवा जैसा सत्रीय कार्य में उल्लेख किया गया है, के अनुसार देने की आशा करते हैं। निम्नलिखित बिंदुओं को ध्यान में रखना आपके लिए उपयोगी होगाः

1) **योजना बनानाः** सत्रीय कार्यों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। उन इकाइयों का अध्ययन करें जिन पर ये सत्रीय कार्य आधारित हैं। प्रत्येक प्रश्न के संबंध में कुछ बातें नोट कर लें और तत्पश्चात उन्हें तर्कसंगत क्रम से व्यवस्थित करें।

2) **संगठनः** अपने उत्तरों की कच्ची रूपरेखा बनाने से पहले उनके चयन और विश्लेषण पर थोड़ा अधिक ध्यान दें। निबंध जैसे किसी प्रश्न का उत्तर देते समय प्रस्तावना और निष्कर्ष पर पर्याप्त ध्यान दें। यह सुनिश्चित करें किः
   - क) आपका उत्तर तर्कसंगत और सुसंगत है।
   - ख) उत्तर के वाक्यों और अनुच्छेदों/पैराग्राफों के बीच स्पष्ट संबंध है।
   - ग) आपने अपनी अभिव्यक्ति, शैली और प्रस्तुति को उपयुक्त महत्व देते हुए उत्तर सही–सही लिखा है।

3) **प्रस्तुतिः** जब आपको अपने उत्तर संतोषजनक लगें तो आप उन्हें भेजने के लिए अंतिम रूप देकर लिख लें। प्रत्येक उत्तर स्पष्ट रूप से लिखें और जिन बिंदुओं पर आप जोर देना चाहते हैं, उन्हें रेखांकित करें।

शुभकामनाओं सहित,

डॉ.अरविन्द कुमार दुबे
कार्यक्रम संयोजक, बीटीएस

## सत्रीय कार्य जमा कराने की अनुसूची

| अनिवार्य पाठ्यक्रम | जनवरी 22 सत्र के लिए अंतिम तिथि | जुलाई 22 सत्र के लिए अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| टीएस–4 | अप्रैल 15, 2022 | अक्तूबर 15, 2022 |
| टीएस–5 | अक्तूबर 15, 2022 | अप्रैल 15, 2023 |

## टी एस –4 : भारतीय संस्कृति : पर्यटन के लिए परिपेक्ष्य
(अध्यापक जॉच सत्रीय कार्य)

पाठ्यक्रम कोड : टीएस–4 | कार्यक्रम : बीटीएस
कुल अंक : 100 | सत्रीय कार्य कोड : टीएस–4/टीएमए/2022

---

नोट : इस टीएमए में दस प्रश्न हैं, जिनमें से आपको किन्हीं पाँच प्रश्नों को हल करना है। प्रत्येक प्रश्न के 20 अंक हैं और प्रत्येक का उत्तर लगभग 600 शब्दों में दिया जाना चाहिए। अपना टीएमए अपने अध्ययन केंद्र के समन्वयक को भेजें।

---

प्रश्न 1 संस्कृति से आप क्या समझते हैं? इसके निर्धारकों का वर्णन कीजिए। 20

प्रश्न 2 कलात्मक और सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण क्यों आवश्यक है? उपयुक्त उदाहरण दीजिए। 20

प्रश्न 3 जैन धर्म और बौद्ध धर्म के सामाजिक प्रभाव का संक्षिप्त विवरण दें। 20

प्रश्न 4 ''संगीत : उत्पत्ति और विकास'' पर एक निबंध लिखिए। 20

प्रश्न 5 स्थलों के प्रचार–प्रसार में भारतीय सिनेमा की भूमिका का वर्णन कीजिए। उपयुक्त उदाहरण दीजिए। 20

प्रश्न 6 औपनिवेशिक स्थापत्य शैली की विशेषताओं की चर्चा कीजिए। 20

प्रश्न 7 संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये : 2x10=20

क) गंगा घाटी का पुरातत्व

ख) पुरावशेष

प्रश्न 8 भारतीय हथकरघा क्षेत्र के हितों की रक्षा के लिए भारत सरकार द्वारा किए गए प्रयासों का समालोचनात्मक विश्लेषण करें। 20

प्रश्न 9 निम्नलिखित जनजातियों पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। 2x10=20

क) भोटिया

ख) संथाली

प्रश्न 10 भारत सरकार का वर्तमान पर्यटन नीति की समस्याओं का परीक्षण कीजिए। वर्तमान पर्यटन नीति की समस्याओं को कम कैसे करें। 20

टीएस –5 : पारिस्थितिकी, पर्यावरण और पर्यटन
(अध्यापक जॉच सत्रीय कार्य)

पाठ्यक्रम कोड : टीएस–5 — कार्यक्रम : बीटीएस
कुल अंक : 100 — सत्रीय कार्य कोड : टीएस–5/टीएमए/2022

---

नोट : इस टीएमए में दस प्रश्न हैं, जिनमें से आपको किन्हीं पाँच प्रश्नों को हल करना है। प्रत्येक प्रश्न के 20 अंक हैं और प्रत्येक का उत्तर लगभग 600 शब्दों में दिया जाना चाहिए। अपना टीएमए अपने अध्ययन केंद्र के समन्वयक को भेजें।

---

प्रश्न 1 भारतीय दार्शनिक परंपरा में पर्यावरण की अवधारणा और इसके संरक्षण पर चर्चा कीजिए। 20

प्रश्न 2 पारिस्थितिकी तंत्र से आप क्या समझते है? पारिस्थितिकी तंत्र के विभिन्न घटको की व्याख्या कीजिए। 20

प्रश्न 3 भारत के विभिन्न बायोम (Biome) कौन से हैं? पर्यटन को बढावा देने के लिए बायोम को एक उपकरण के रूप में कैसे प्रयोग किया जा सकता है ? उपयुक्त उदाहरणों के साथ अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए । 20

प्रश्न 4 जैव – विविधता को परिभाषित कीजिए। जैव–विविधता और पर्यटन के बीच के संबंध को उदाहरणों की सहायता से स्पष्ट कीजिए। 20

प्रश्न 5 निम्नलिखित के बीच अंतर करें : 4X5=20
क) अजैविक और जैविक पर्यावरण
ख) आहार श्रृंखला एवं आहार जाल
ग) सहभोजिता (Commensalism) and सहोपकारिता (Mutualism)
घ ) शीतोष्ण पर्णपाती वन और उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन
च ) पहाड़ी पर्यटन और तटीय रिसोर्ट

प्रश्न 6 संसाधन विभाजन (Resource Partitioning) क्या हैं ? उदाहरणों की सहायता से इसके पारिस्थितिकीय महत्व की व्याख्या कीजिए। 20

प्रश्न 7 उपयुक्त उदाहरणों के साथ वैकल्पिक पर्यटन के संकल्पना की व्याख्या कीजिए। 20

प्रश्न 8 उपयुक्त उदाहरणों के साथ वैकल्पिक पर्यटन के संकल्पना की व्याख्या कीजिए। 20

प्रश्न 9 पर्यावरण पर पर्यटन गतिविधियों के प्रभाव की चर्चा कीजिए। पर्यटन के नकारात्मक पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के संभावित तरीके सुझाईए। 20

प्रश्न 10 निम्नलिखित में से किन्ही दो पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए: 2X10=20
क) गुणक प्रभाव (Multiplier Effect)
ख) आर्द्रभूमि (Wetlands)
ग) वहन क्षमता (Carrying Capacity)